RPSC स्कूल व्याख्याता (माध्यमिक शिक्षा) पेपर II राजनीति विज्ञान 2022

150 सवाल · सही उत्तर ✓ से चिह्नित · testline.in

Q.1

निम्नलिखित में से संघ सूची का विषय नहीं है?

(A) कृषि - आय से भिन्न आय पर कर
(B) निगम कर
(C) कृषि - आय पर कर ✓
(D) कृषि भूमि से भिन्न संपत्ति के उत्तराधिकार के संबंध में शुल्क

Q.2

एरिक एरिक्सन के सिद्धांत के अनुसार 'ईगो' सहायक है -

(A) अभिवृत्तियों एवं कौशलों को सीखने में ✓
(B) बुद्धिमत्ता की प्राप्ति में
(C) द्वंद्व की प्राप्ति में
(D) दृश्य स्पष्टता की प्राप्ति में

Q.3

अधिकारों के बारे में सत्य कथन छांटिए -
(i) अधिकार राज्य को कुछ खास तरीके से कार्य करने हेतु वैधानिक दायित्व सौंपते हैं।
(ii) अधिकार में यह मांग भी शामिल है, कि राज्य को क्या नहीं करना है।
(iii) राज्य द्वारा निर्मित कानून बलपूर्वक लागू हो सकते हैं।
(iv) अधिकार के लिए राज्य के साथ ही सामाजिक स्वीकार्यता भी आवश्यक है।

(A) केवल i, ii, iv ✓
(B) केवल i, ii, iii
(C) i, ii, iii, iv
(D) केवल i, iii, iv

Q.4

निम्नलिखित में से किस दल को भारत के निर्वाचन आयोग द्वारा 7 जून, 2019 को राज्य दल की मान्यता प्रदान की गई?

(A) राष्ट्रीय जनता पार्टी
(B) राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी ✓
(C) भारत वाहिनी पार्टी
(D) बहुजन समाज पार्टी

Q.5

"प्रभुसत्ता के विचार को एक पूज्य अंधविश्वास की संज्ञा" देने वाले विचारक हैं -

(A) एच. लास्की ✓
(B) आर. एम. मैकाइवर
(C) जे. एन. फिगिस
(D) ए. डी. लिंडसे

Q.6

निम्न में से क्या नीति निदेशक तत्वों में शामिल नहीं है?

(A) वाक् एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता ✓
(B) समान नागरिक संहिता
(C) मद्यपान निषेध
(D) कुटीर उद्योगों को बढ़ावा

Q.7

निम्नांकित में से किसने प्लेटो की 'रिपब्लिक' को शिक्षा पर लिखा गया सर्वोत्कृष्ट ग्रन्थ कहा है?

(A) मार्क्स
(B) रूसो ✓
(C) बेंथम
(D) गांधी

Q.8

निम्नलिखित में से किस प्रधानमंत्री के कार्यकाल में संविधान की नवीं अनुसूची में जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 अन्तःस्थापित किया गया?

(A) गुलजारीलाल नंदा
(B) इंदिरा गांधी ✓
(C) मोरारजी देसाई
(D) पी. वी. नरसिम्हा राव

Q.9

'राजस्थान विधानसभा चुनाव 2018' के विषय में निम्नलिखित कथनों को ध्यान से पढ़िए तथा सही कथन पहचानिए -

(1) इनमें कुल मतदान 62.50% हुआ।
(2) सबसे ज्यादा मतदान प्रतिशत जयपुर जिले का रहा।
(3) सबसे कम मतदान प्रतिशत जैसलमेर जिले का रहा।
(4) सम्पूर्ण राज्य में महिलाओं का मतदान प्रतिशत पुरुषों से अधिक रहा।

(A) केवल (1) सही है
(B) केवल (2) सही है
(C) केवल (3) सही है
(D) केवल (4) सही है ✓

Q.10

नेहरू ने किस देश की यात्रा को 'खोज यात्रा' का नाम दिया था?

(A) सोवियत संघ
(B) अमेरिका ✓
(C) मिस्र
(D) चीन

Q.11

निम्नलिखित का मिलान कीजिए -

सूची - I	सूची - II
(A) प्रिंटर	(i) प्रदर्शन में प्रयुक्त आउटपुट उपकरण
(B) मॉनीटर	(ii) कम्प्यूटर स्क्रीन पर वस्तुओं का चयन एवं प्रदर्शन हेतु प्रयुक्त इनपुट उपकरण
(C) की - बोर्ड	(iii) पेपर पर प्रतियां बनाने में प्रयुक्त आउटपुट उपकरण
(D) लाइट पेन	(iv) इनपुट उपकरण

विकल्प (A, B, C, D के क्रम में):

(A) (i) (iii) (ii) (iv)

(B) (iii) (i) (iv) (ii) ✓

(C) (iii) (i) (ii) (iv)

(D) (i) (ii) (iii) (iv)

Q.12

निम्नलिखित में से कौनसा एक कथन त्रुटिपूर्ण है?

(A) संसद को भारत के संपूर्ण राज्यक्षेत्र या उसके किसी भाग के लिए विधि बनाने की शक्ति है।

(B) राज्य का विधानमण्डल संपूर्ण राज्य या उसके किसी भाग के लिए विधि बना सकता है।

(C) संसद को राज्यक्षेत्रातीत विधान बनाने की शक्ति प्राप्त है।

(D) राज्यसभा अपनी कुल संख्या के 2/3 सदस्यों के संकल्प से राज्यसूची के किसी विषय को राष्ट्रीय महत्त्व घोषित कर सकती है। ✓

Q.13

अधिकारों का बहुसांस्कृतिक दृष्टिकोण नहीं स्वीकार करता है, कि -

(A) वास्तविक समानता के लिए 'एक जैसा व्यवहार' आवश्यक है। ✓

(B) सभी नागरिकों के साथ प्रामाणिक समानता का व्यवहार आवश्यक है।

(C) वास्तविक समानता के लिए समाज के विविध समूहों के मध्य अंतरों का समायोजन आवश्यक है।

(D) सार्वभौमिक नागरिकता का विचार विभेद - अंधता पर आधारित है।

Q.14

संप्रत्यय प्राप्ति प्रतिमान (प्रत्यय निष्पत्ति प्रतिमान) के सिन्टैक्स (वाक्य - विश्लेषण) की कौनसी अवस्था पर विद्यार्थी उदाहरणों का निर्माण करते हैं?

(A) आँकड़ों का प्रस्तुतिकरण

(B) संप्रत्यय की पहचान

(C) चिन्तन व्यूहरचनाओं (रणनीतियों) का विश्लेषण

(D) संप्रत्यय प्राप्ति का परीक्षण ✓

Q.15

एक अध्यापक अपने विद्यार्थियों की संवेगात्मक ऊर्जा को उपयोगी और सामाजिक मान्य माध्यम द्वारा अभिव्यक्त हेतु संचालित करने का प्रयास करता है। यह कहलाता है -

(A) संवेगात्मक संतुलन
(B) संवेगात्मक नियन्त्रण ✓
(C) संवेगात्मक रोधन
(D) संवेगात्मक सहनशीलता

Q.16

निम्नांकित में से कौनसा युग्म सही सुमेलित नहीं है?

(A) एथिक्स ऑफ चाणक्य - के. एम. अग्रवाल
(B) कौटिल्य कॉन्सेप्ट ऑफ डिप्लोमेसी : ए न्यू इन्टरप्रिटेशन - भारती मुखर्जी
(C) कौटिल्य ज्यूरिस्प्रूडेंस - वी. के. गुप्ता
(D) "कौटिल्य अर्थशास्त्र : एन अप्रेजल" - पुष्पेन्द्र कुमार ✓

Q.17

निम्नलिखित में से कौन हेनरी जे. हाइड एक्ट से सम्बन्धित है?

(A) भारत - रूस सामरिक समझौता
(B) भारत - अमेरिका नागरिक परमाणु समझौता ✓
(C) भारत - चीन सीमा समझौता
(D) भारत - बांग्लादेश सीमा व्यापार समझौता

Q.18

राजनीतिक सिद्धान्त में तीन तत्वों : तथ्यात्मक, कारणात्मक और मूल्यात्मक की चर्चा किसने की?

(A) कार्ल मार्क्स
(B) डेविड ईस्टन
(C) कार्ल पॉपर
(D) सबाइन ✓

Q.19

यूरोपीय संघ ने यूरोपीय समुदाय का स्थान किस संधि से लिया?

(A) वेस्टफेलिया की संधि
(B) मास्ट्रिच संधि ✓
(C) वर्साय संधि
(D) ब्रिटिश संधि

Q.20

अम्बेडकर के जीवन से जुड़ी निम्न घटनाओं का सही कालक्रम क्या है?

I एनिहिलेशन ऑफ कास्ट का प्रकाशन
II महाड सत्याग्रह
III मूकनायक का प्रकाशन
IV बहिष्कृत हितकारिणी सभा की स्थापना

(A) I, II, III, IV
(B) III, IV, II, I ✓
(C) IV, III, II, I
(D) II, IV, III, I

Q.21

निम्नांकित में से कौनसा प्रतिमान रॉबर्ट डाहल द्वारा प्रतिपादित नहीं किया गया है?

(A) कीमत प्रतिमान
(B) सौदेबाजी प्रतिमान
(C) बहुतंत्र प्रतिमान
(D) साम्यावस्था प्रतिमान ✓

Q.22

भारत की विदेश नीति के संदर्भ में निम्नलिखित वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़िए -
I शीतयुद्ध के वर्षों में भारत ने सैन्य गुटों के संदर्भ में गुटनिरपेक्षता की नीति अपनाई।
II पिछले कुछ वर्षों से प्रौद्योगिकी और अमेरिका में बसे अनिवासी भारतीय ने दोनों देशों को नजदीक ला दिया है।
सही वाक्य पहचानिए -

(A) I सही व II गलत है
(B) I गलत व II सही है
(C) I व II दोनों सही हैं ✓
(D) I व II दोनों गलत हैं

Q.23

निम्नलिखित का मिलान करें -

1. स्पिरिट ऑफ लॉज	a. मैकाइवर
2. फेडरलिस्ट	b. मॉन्टेस्क्यू
3. द मॉडर्न स्टेट	c. मैडिसन
4. कंसिडरेशन्स ऑन रिप्रेजेंटेटिव गवर्नमेंट	d. जे. एस. मिल

(A) 1-b, 2-d, 3-c, 4-a
(B) 1-b, 2-c, 3-a, 4-d ✓
(C) 1-d, 2-c, 3-b, 4-a
(D) 1-d, 2-c, 3-a, 4-b

Q.24

निम्नलिखित पुस्तकों तथा उनके लेखकों का सही मिलान कीजिए –

(पुस्तक)	**(लेखक)**
(i) पॉलिटिक्स ऑफ स्कार्सिटी (अभाव की राजनीति)	(a) रजनी कोठारी
(ii) कास्ट इन इंडियन पॉलिटिक्स (भारतीय राजनीति में जाति)	(b) मायरोन वीनर
(iii) द मॉडर्निटी ऑफ ट्रेडिशन (परंपरा की आधुनिकता)	(c) पॉल आर. ब्रास
(iv) द पॉलिटिक्स ऑफ इंडिया सिंस इंडिपेंडेंस	(d) रुडोल्फ और रुडोल्फ

कूट –

(i)	(ii)	(iii)	(iv)
:—	:—	:—	:—

(A) b a d c ✓
(B) d c b a
(C) b a c d
(D) d a c b

Q.25

स्वतंत्रता पश्चात् भारत में चुनाव प्रक्रिया में सार्वभौम मताधिकार का सर्वप्रथम प्रयोग किया गया -

(A) पंजाब में
(B) राजस्थान में
(C) आन्ध्र प्रदेश में
(D) मणिपुर में ✓

Q.26

कौटिल्य के अनुसार 'भयोपधा' है -

(A) सैनिकों का एक प्रकार
(B) कर एकत्रीकरण की कार्यनीति
(C) मंत्रियों पर नियंत्रण का तरीका ✓
(D) एक परराष्ट्र संबंधी नीति

Q.27

मेयर और सैलोवी के अनुसार, संवेगात्मक बुद्धि की परिभाषा में निम्नलिखित में से कौनसे लक्षण को सम्मिलित नहीं किया गया है?

(A) संवेग प्रत्यक्षीकरण की क्षमता
(B) दूसरों के संवेगों का नियन्त्रण ✓
(C) संवेगों का विचार में एकीकरण
(D) संवेगों की समझ एवं प्रबन्धन

Q.28

सूची - I का सूची II से मिलान कीजिए तथा सही कूट का चयन कीजिए -

सूची - I (प्रावधान)	सूची - II (अनुच्छेद)
(a) राज्य निर्वाचन आयोग	(i) अनुच्छेद 243 - ट
(b) नगरपालिकाओं आदि की शक्तियां	(ii) अनुच्छेद 243 - ब
(c) नगरपालिकाओं का गठन	(iii) अनुच्छेद 243 - थ
(d) नगरपालिकाओं की अवधि	(iv) अनुच्छेद 243 - प

कूट -

(A) a - iv, b - iii, c - ii, d - i
(B) a - i, b - ii, c - iv, d - iii
(C) a - i, b - ii, c - iii, d - iv ✓
(D) a - ii, b - iii, c - i, d - iv

Q.29

दिसंबर 1991 में सोवियत संघ की समाप्ति की घोषणा करने वाले गणराज्य थे -

(A) रूस, यूक्रेन, बेलारूस ✓
(B) यूक्रेन, जॉर्जिया, एस्टोनिया
(C) यूक्रेन, बेलारूस, जॉर्जिया
(D) एस्टोनिया, रूस, जॉर्जिया

Q.30

BAMCEF से तात्पर्य है -

(A) बैकवर्ड एंड माइनॉरिटी कम्युनिटीज़ एम्प्लॉयीज फेडरेशन ✓
(B) बैकवर्ड एंड माइनॉरिटी कल्चरल एजुकेशनल फंड
(C) बिहार एंड महाराष्ट्र कल्चरल एजुकेशनल फोरम
(D) बहुजन माइनॉरिटी कल्चरल एजुकेशनल फोरम

Q.31

निम्नांकित में से कौन सा सिद्धान्त प्लेटो से संबंधित नहीं है?

(A) नोएटिक मैन
(B) अदृश्य हाथ का सिद्धान्त ✓
(C) कानून का स्वर्ण - सूत्र
(D) राज्य एक आदर्श के रूप में

Q.32

उद्देशिका में वर्णित शब्दों का सही क्रम क्या है?

(A) पंथनिरपेक्ष, न्याय, स्वतंत्रता, राष्ट्र की एकता और अखण्डता ✓
(B) न्याय, पंथनिरपेक्ष, स्वतंत्रता, राष्ट्र की एकता और अखण्डता
(C) स्वतंत्रता, न्याय, पंथनिरपेक्ष, राष्ट्र की एकता और अखण्डता
(D) पंथनिरपेक्ष, स्वतंत्रता, न्याय, राष्ट्र की एकता और अखण्डता

Q.33

"एक नए विश्व के लिए नए राजनीतिशास्त्र की आवश्यकता है।" कथन है –

(A) मैकियावेली
(B) टॉकविले ✓
(C) लास्की
(D) आर्थर बेंटले

Q.34

डेविड ईस्टन द्वारा प्रतिपादित राजनीतिक व्यवस्था के निवेश - निर्गत विश्लेषण की प्रमुख अवधारणाओं या आमुख के सन्दर्भ में निम्नलिखित बिन्दुओं पर विचार कीजिए –

I व्यवस्था
II भार
III अनुक्रिया
IV सातत्य

कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर चुनिए –

(A) केवल I एवं III सही हैं
(B) केवल I एवं IV सही हैं
(C) केवल II एवं IV सही हैं
(D) I, II, III एवं IV सभी सही हैं ✓

Q.35

किसने कहा, "कांग्रेसनल (कांग्रेसीय) सरकार समिति सरकार है?

(A) वुडरो विल्सन ✓
(B) एम. रसेल
(C) वी. राइट
(D) एच. गार्डनर

Q.36

भारत के संविधान में एक सशक्त केन्द्र वाली संघात्मक व्यवस्था ली गयी है -

(A) अमेरिका के संविधान से
(B) कनाडा के संविधान से ✓
(C) फ्रांस के संविधान से
(D) आयरलैंड के संविधान से

Q.37

मॉर्टन कपलान के अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के किस मॉडल में प्रत्येक राज्य समान रूप से शक्तिशाली है?

(A) शक्ति सन्तुलन व्यवस्था ✓
(B) सार्वभौम व्यवस्था
(C) श्रेणीबद्ध व्यवस्था
(D) इकाई निषेधाधिकार व्यवस्था

Q.38

निम्नांकित कथनों में से कौनसा कथन राजस्थान के राज्यपाल की शक्तियों के बारे में सही है?

(A) वह विधानसभा भंग नहीं कर सकता।
(B) वह अध्यादेश जारी नहीं कर सकता।
(C) वह विधानसभा में सदस्यों को मनोनीत नहीं कर सकता।
(D) वह राज्य लोक सेवा आयोग को बर्खास्त नहीं कर सकता। ✓

Q.39

निम्नलिखित में से कौनसा कथन शिक्षा मनोविज्ञान से सम्बन्धित है?

(A) यह एक नियामक विज्ञान है।
(B) यह प्राकृतिक विज्ञान की तरह पूर्ण है।
(C) यह विज्ञान का शुद्ध मनोविज्ञान है।
(D) यह शिक्षण एवं अधिगम से सम्बन्धित विज्ञान है। ✓

Q.40

राजनीति के "विशुद्ध सिद्धान्त" की धारणा किसने दी?

(A) बी. जुवेनेल ✓
(B) जुर्गेन हैबरमास
(C) अर्नाल्ड ब्रेख्त
(D) मीहान

Q.41

उदारवादियों के अनुसार, असमानता की खाइयों के ना बनने देने का न्यायपूर्ण तरीका है -

(A) स्वतंत्र व खुली प्रतिस्पर्धा ✓
(B) लिखित व कठोर संविधान
(C) स्थिर सरकार
(D) शिक्षित समाज

Q.42

निम्न वाक्यों को ध्यान से पढ़िए -
I सोशलिस्ट पार्टी की स्थापना 1952 में हुई।
II यह पार्टी लोकतंत्र में नहीं, मात्र समाजवाद में विश्वास रखती थी।
सही विकल्प पहचानिए -

(A) I सही व II गलत है
(B) I गलत व II सही है
(C) I व II दोनों सही हैं
(D) I व II दोनों गलत हैं ✓

Q.43

निम्नलिखित में से कौनसा एक व्यवहारवादी दृष्टिकोण से संबंधित नहीं है?

(A) ज्ञान अपने आप में साध्य है
(B) ज्ञान के लिए ज्ञान में विश्वास
(C) निर्णयन प्रक्रिया की बजाय निर्णय की वस्तु - तत्व के विश्लेषण पर बल ✓
(D) मुख्य सरोकार शुद्ध ज्ञान या सिद्धान्त से है

Q.44

निम्नलिखित में से कौनसा युग्म सही सुमेलित नहीं है -
** (पुस्तक का नाम) - (लेखक) **

(A) 2014 : द इलेक्शन दैट चेंज्ड इंडिया - राजदीप सरदेसाई
(B) विनिंग द मैडेट : द इंडियन एक्सपीरियंस - विद्युत चक्रवर्ती और सुगातो हाजरा
(C) व्हाई इंडिया वोट्स? - योगेन्द्र यादव ✓
(D) द वर्डिक्ट - डिकोडिंग इंडियास इलेक्शन्स - प्रणय रॉय और दोराब आर. सोपारीवाला

Q.45

निम्नांकित में से कौन नकारात्मक स्वतंत्रता का समर्थक नहीं है?

(A) फिलिप पेटिट
(B) क्वेंटिन स्किनर
(C) हॉबहाउस ✓
(D) आइसाया बर्लिन

Q.46

संघात्मक व्यवस्था वाला समूह छाँटिए -

(A) कनाडा, भारत, ऑस्ट्रेलिया, अर्जेन्टीना ✓

(B) ब्राजील, कनाडा, चीन, न्यूज़ीलैण्ड

(C) भारत, कनाडा, ब्रिटेन, बांग्लादेश

(D) कनाडा, भारत, बांग्लादेश, न्यूज़ीलैण्ड

Q.47

निम्नांकित में से कौनसा सुमेलित नहीं है?

(A) राज्य संगठनात्मक हिंसा का प्रतिनिधित्व करता है - एम. के. गांधी

(B) राज्य वर्ग - संघर्ष की अभिव्यक्ति है - कार्ल मार्क्स

(C) राज्य समुदायों का समुदाय है - लास्की

(D) राज्य व्यक्ति से पहले है - मैकियावेली ✓

Q.48

निम्नलिखित में से कौन 'इंटरनेशनल इक्विलिब्रियम : ए थ्योरेटिकल एस्से ऑन द पॉलिटिक्स एंड ऑर्गेनाइजेशन ऑफ सिक्योरिटी' शीर्षक पुस्तक के लेखक हैं?

(A) मॉर्टन कपलान

(B) जॉर्ज लिस्का ✓

(C) सी. डी. बर्न्स

(D) विन्सी राइट

Q.49

भारत और श्रीलंका दोनों सदस्य हैं -

(A) सार्क, एस.ए.सी.ई.पी., एस.सी.ओ.

(B) सार्क, एस.ए.सी.ई.पी., बिम्सटेक ✓

(C) एस.सी.ओ., एस.ए.सी.ई.पी., बिम्सटेक

(D) एस.सी.ओ., सार्क, बिम्सटेक

Q.50

विश्व में अमेरिका के वर्चस्व को दर्शाने वाली घटनाएं छाँटिए -
(i) ऑपरेशन डेज़र्ट स्टॉर्म
(ii) ऑपरेशन इनफाइनाइट रीच
(iii) ऑपरेशन एण्डयूरिंग फ्रीडम
(iv) ऑपरेशन इराकी फ्रीडम

कूट -

(A) केवल i, ii

(B) केवल i, iii

(C) केवल i, iii, iv

(D) i, ii, iii, iv ✓

Q.51

धर्म निरपेक्षता के संदर्भ में 'वसूली फासला' की नीति में निम्नांकित में से सम्मिलित नहीं है -

(A) राज्य धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप कर सकता है।

(B) धार्मिक मामलों में राज्य का हस्तक्षेप नागरिकों की आजादी और समानता से सुसंगत होना चाहिए।

(C) राज्य तार्किकता के आधार पर धार्मिक कानून बना सकता है।

(D) राज्य धार्मिक मामलों में तटस्थ रहता है। ✓

Q.52

रचनात्मक सीखने के वातावरण में होता है -

(A) सक्रिय अधिगम

(B) सहभागिता

(C) बहु - परिप्रेक्ष्य

(D) नियंत्रित कक्षा अनुशासन ✓

Q.53

निम्नलिखित में से किस एक की बेंथम ने अपनी कृति 'फ्रेगमेंट ऑन गवर्नमेंट' में आलोचना की?

(A) ब्लैकस्टोन की 'कमेंट्रीज़' ✓

(B) हॉब्स की 'लेवियाथन'

(C) बोडिन की 'द सिक्स बुक्स ऑन द रिपब्लिक और स्टेट'

(D) ग्रोटियस की 'द लॉ ऑफ वॉर एण्ड पीस'

Q.54

कपलान के व्यवस्था सिद्धान्त के अनुसार, निम्नलिखित में से राष्ट्रोपरि राज्यकर्ता है –

(A) संयुक्त राज्य अमेरिका

(B) भारत

(C) ईरान

(D) नाटो ✓

Q.55

सूची - I का सूची - II से मेल कीजिए और दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए -

सूची - I	सूची - II
(a) प्राइमरी इलेक्शन : ए स्टडी ऑफ द हिस्ट्री एण्ड टेन्डेन्सीज़ ऑफ प्राइमरी इलेक्शन लेजिस्लेशन	(i) चार्ल्स ई. मेरियम
(b) द नेचर ऑफ पॉलिटिक्स	(ii) रॉबर्ट डाहल
(c) द डिक्लाइन ऑफ पॉलिटिकल थ्योरी	(iii) जे. डी. बी. मिलर
(d) प्रिफेस टू डेमोक्रेटिक थ्योरी	(iv) अल्फ्रेड कोब्बन

कूट -

(A) a - (ii), b - (i), c - (iv), d - (iii)

(B) a - (i), b - (iii), c - (iv), d - (ii) ✓

(C) a - (iii), b - (i), c - (iv), d - (ii)

(D) a - (i), b - (ii), c - (iv), d - (iii)

Q.56

निम्नलिखित निर्णयों में से किस में सर्वोच्च न्यायालय ने निर्वाचन आयोग को नोटा (NOTA) विकल्प मतदाताओं को उपलब्ध करवाने हेतु निर्देशित किया?

(A) पी.यू.सी.एल. बनाम यूनियन ऑफ इंडिया (2013) ✓
(B) नवतेज सिंह जौहर बनाम यूनियन ऑफ इंडिया (2018)
(C) विनीत नारायण एवं अन्य बनाम यूनियन ऑफ इंडिया (1997)
(D) जनहित अभियान बनाम भारत संघ

Q.57

निम्नलिखित में से किसने भारतीय दलीय व्यवस्था के सन्दर्भ में कांग्रेस व्यवस्था शब्दावली का प्रयोग किया है?

(A) मॉरिस जोन्स
(B) रुडोल्फ एंड रुडोल्फ
(C) रजनी कोठारी ✓
(D) पॉल आर. ब्रास

Q.58

निम्नलिखित में से किसे लोहिया के स्वतंत्रता के सिद्धान्त के रूप में स्वीकार किया जाता है?

(A) आंतरिक स्वतंत्रता का सिद्धान्त
(B) सम्पूर्ण दक्षता का सिद्धान्त ✓
(C) सामाजिक स्वतंत्रता का सिद्धान्त
(D) स्व - मूल्यांकन का सिद्धान्त

Q.59

भारत के संविधान की 12वीं अनुसूची में निम्नलिखित में से कौनसे कार्य शामिल नहीं किए गए हैं?

(A) भू - उपयोग नियमन एवं भवन निर्माण
(B) अग्निशमन सेवाएँ
(C) शिक्षण संस्थानों की संबद्धता ✓
(D) जन्म - मृत्यु का पंजीकरण

Q.60

अमेरिका में सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों का कार्यकाल होता है -

(A) 9 वर्ष
(B) 20 वर्ष
(C) जीवन पर्यन्त ✓
(D) उपर्युक्त में कोई नहीं

Q.61

निम्न में से कौनसा कथन बेमेल है?

(A) सामाजिक न्याय एक सार्थक विचार - एफ. ए. हेयक ✓
(B) न्याय प्राथमिक वस्तुओं का न्यायपूर्ण वितरण है - जॉन रॉल्स
(C) प्रतिकारात्मक सद्गुण के रूप में न्याय - माइकल सैंडल
(D) न्याय का अधिकारिता सिद्धान्त - रॉबर्ट नॉजिक

Q.62

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 123 में वर्णित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए -

(i) राष्ट्रपति को संसद के विश्रांतिकाल में - अध्यादेश प्रख्यापित करने की शक्ति है।
(ii) इस अनुच्छेद के अधीन प्रख्यापित अध्यादेश का वही बल और प्रभाव होगा, जो संसद के अधिनियम का होता है।
(iii) ऐसा अध्यादेश राष्ट्रपति द्वारा किसी भी समय वापस लिया जा सकेगा।
कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर चुनिए -

(A) केवल (ii) सही है
(B) केवल (iii) सही है
(C) केवल (ii) और (iii) सही हैं
(D) (i), (ii) और (iii) सही हैं ✓

Q.63

संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना आयोग की स्थापना कब हुई?

(A) 2005 ✓
(B) 1999
(C) 2001
(D) 2007

Q.64

निम्न वाक्यों को ध्यान से पढ़िए -
I 19 मार्च 2003 को अमेरिका ने इराक पर सैन्य हमला किया।
II अमेरिकी अगुआई वाले "कॉआलिशन ऑफ वीलिंग" में 20 देश इस हमले में शामिल थे।
III संयुक्त राष्ट्रसंघ ने इस हमले की अनुमति नहीं दी थी।
सही विकल्प पहचानिए -

(A) I
(B) I व III ✓
(C) II व III
(D) I, II, III

Q.65

किस संविधान संशोधन अधिनियम द्वारा संविधान के अनुच्छेद 19 में 'भारत की प्रभुता और अखंडता' या शब्दों को अंत:स्थापित किया गया?

(A) 42वां संशोधन
(B) 44वां संशोधन
(C) 16वां संशोधन ✓
(D) 38वां संशोधन

Q.66

शीत युद्ध के संदर्भ में 'पारस्परिक सुनिश्चित विनाश' (मैड) का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

(A) एक सैनिक रणनीति से संबंधित सिद्धांत ✓
(B) सब्सिडी और प्रतिबंध की नीति
(C) आर्थिक नाकेबन्दी का सिद्धान्त
(D) मार्शल योजना के प्रत्युत्तर के रूप में एक सोवियत योजना

Q.67

अरविंद के अनुसार राष्ट्रवाद की व्याख्या है -
I तार्किकता
II एक धर्मसार
III ईश्वर की वाणी
IV भौतिकवादी
सही विकल्प है -

(A) केवल II और III ✓
(B) केवल I और III
(C) केवल I और II
(D) केवल III और IV

Q.68

शिक्षण के दौरान शिक्षण - अधिगम सामग्री का प्रयोग शिक्षक की सहायता करता है -
(A) शिक्षार्थी को अभिप्रेरित करने में
(B) सूचना को लंबे समय तक धारण करने में
(C) अधिगम अनुभव को आयोजित करने में
(D) समग्र अधिगम सुगम्यता में

(A) A, B एवं D
(B) A, B एवं C
(C) B, C एवं D
(D) A, B, C एवं D ✓

Q.69

अमेरिकी नीति निर्माताओं को "राष्ट्रीय हितों की सिद्धि के प्रयत्न करते हुए आत्मसंयम बरतने" की सलाह देने वाले थे -

(A) एफ. एम. पैडलफोर्ड
(B) जोसेफ फ्रैंकल
(C) स्टेनली हॉफमैन
(D) जॉर्ज केनन ✓

Q.70

प्रक्रियात्मक न्याय के संदर्भ में निम्नांकित में से कौन सा कथन सही नहीं है?

(A) प्रक्रियात्मक न्याय बाजार - अर्थव्यवस्था का समर्थन करता है।
(B) प्रत्येक व्यक्ति अपनी स्थिति के लिए उत्तरदायी होता है।
(C) हर व्यक्ति के पास व्यक्तिगत हकदारियाँ होती हैं।
(D) उत्पादन और वितरण भिन्न हैं। ✓

Q.71

निम्नलिखित में से कौनसी एक ऑर्गेंस्की द्वारा वर्णित राजनीतिक विकास की अवस्था नहीं है?

(A) समृद्धि की राजनीति
(B) औद्योगिकीकरण की राजनीति
(C) आधुनिक एकीकरण की राजनीति
(D) राष्ट्रीय लोक कल्याण की राजनीति

Q.72

निम्नलिखित में से कौनसा पद प्रणाली उपागम में सम्मिलित नहीं है?

(A) प्रणाली सॉफ्टवेयर ✓

(B) प्रणाली विश्लेषण

(C) प्रणाली रूपरेखा और विकास

(D) प्रणाली क्रियान्वयन और मूल्यांकन

Q.73

निम्नलिखित में से किसने लोकतांत्रिक और अधिनायकवादी शक्तियों के लिए 'प्रकाश की संतान' और 'अंधकार की संतान' पदबंध रचित किया?

(A) वुडरो विल्सन

(B) विन्सी राइट

(C) रेनहोल्ड नीबुहर

(D) जॉर्ज श्वार्जेनबर्गर

Q.74

भारत में प्रथम लोकसभा चुनाव 1952 में कितने राष्ट्रीय दलों ने भाग लिया था?

(A) 12

(B) 13

(C) 14 ✓

(D) 15

Q.75

सूची-I का सूची-II से मिलान कीजिए तथा कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर दीजिए –\n\n

सूची – I (पदबंध)	**सूची – II (विचारक)**
(a) बहुलतंत्र	(i) बेंजामिन बार्बर
(b) बहुमत की तानाशाही	(ii) टॉकविले
(c) कमजोर लोकतंत्र	(iii) रॉबर्ट डाहल
(d) गुटतंत्र का लौह नियम	(iv) रॉबर्ट मिशेल्स

(A) a – (iii), b – (i), c – (ii), d – (iv)

(B) a – (iv), b – (iii), c – (ii), d – (i)

(C) a – (iii), b – (ii), c – (i), d – (iv)

(D) a – (i), b – (iv), c – (ii), d – (iii)

Q.76

निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?

(A) कार्यकारी मुख्य न्यायमूर्ति की नियुक्ति-अनुच्छेद 124 ✓

(B) तदर्थ न्यायाधीशों की नियुक्ति-अनुच्छेद 127

(C) उच्चतम न्यायालय का अभिलेख न्यायालय होना-अनुच्छेद 129

(D) अपील के लिए उच्चतम न्यायालय की विशेष इजाजत-अनुच्छेद 136

Q.77

निम्नलिखित में से वयस्क मताधिकार को 'व्यापक लूट' की संज्ञा देने वाले विचारक हैं –

(A) लॉर्ड मैकॉले ✓
(B) एम. आर. लैकी
(C) जेम्स स्टीफन
(D) हेनरी मैन

Q.78

जब कोई सार्वजनिक पदाधिकारी अपने निर्धारित कर्तव्यों का निर्वहन नहीं करता अथवा निर्वहन करने से मना करता है, तो भारतीय संविधान के अनुच्छेद 32 के अंतर्गत निम्नलिखित में से कौनसा आज्ञापत्र जारी कर उस पदाधिकारी को अपने निर्धारित कर्तव्य निर्वहन के लिए आदेशित किया जाता है?

(A) परमादेश ✓
(B) प्रतिषेध
(C) उत्प्रेषण
(D) अधिकार पृच्छा

Q.79

"ब्रिटिश संविधान संविधानों का जनक है और ब्रिटिश संसद संसदों की जननी है।" यह कथन किसका है?

(A) मुनरो ✓
(B) डनिंग
(C) बेजहोट
(D) रामसे मुइर

Q.80

गुट निरपेक्ष आंदोलन के अधिकतम सदस्य देश निम्नांकित में से किस क्षेत्र से हैं?

(A) अफ्रीका ✓
(B) एशिया
(C) लैटिन अमेरिका
(D) यूरोप

Q.81

निम्नांकित में से कौनसा शब्द समूह सेकुलर राज्य की विशेषताओं से सुसंगत नहीं है?

(A) शांति, असहिष्णुता, धार्मिक स्वतन्त्रता ✓
(B) शांति, सहिष्णुता, धार्मिक स्वतन्त्रता
(C) वर्चस्व, शांति, सहिष्णुता
(D) वर्चस्व, शांति, धार्मिक स्वतन्त्रता

Q.82

कोहलबर्ग के अनुसार, नैतिक विकास की कौनसी अवस्था में व्यक्ति में सही और गलत की सही समझ एवं सही नैतिक चेतना का विकास होता है?

(A) पूर्व – परम्परागत तर्कणा
(B) परम्परागत तर्कणा
(C) पश्च – परम्परागत तर्कणा ✓
(D) अपरम्परागत तर्कणा

Q.83

निम्नांकित में से किस एक की आलोचना महात्मा गांधी द्वारा नहीं की गई है?

(A) राज्य
(B) वर्ण - व्यवस्था ✓
(C) सम्प्रभुता
(D) संसदीय व्यवस्था

Q.84

स्वतन्त्रता से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए -
I गेराल्ड मैक्कलम ने स्वतन्त्रता को त्रयी संबंध के आधार पर परिभाषित किया।
II लास्की ने घरेलू स्वतन्त्रता का प्रबल समर्थन किया।
III लास्की ने स्वतन्त्रता के तीन स्वरूपों, व्यक्तिगत, राजनीतिक और आर्थिक की चर्चा की है।
कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर चुनिए -

(A) I एवं II सही हैं
(B) I एवं III सही हैं ✓
(C) II एवं III सही हैं
(D) I, II एवं III सही हैं

Q.85

ऑपरेशन ब्लैक थंडर ..... था/थी।

(A) स्वर्ण मंदिर पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई। ✓
(B) मालदीव में आंदोलन को शांत करने के लिए शुरू किया गया।
(C) लिट्टे के खिलाफ एक उग्रवाद विरोधी अभियान।
(D) कश्मीर में सियाचिन ग्लेशियर पर नियंत्रण करने के लिए भारतीय सुरक्षा बलों के ऑपरेशन का कूट नाम।

Q.86

एक व्यक्ति जो एक साक्षात्कार में नौकरी पाने में असफल हो जाता है, अपने भाग्य और बुरी किस्मत को उत्तरदायी ठहराता है। इस प्रकार की आत्मरक्षा (अहंरक्षा) युक्ति कहलाती है -

(A) अस्वीकरण
(B) प्रतिक्रिया निर्माण
(C) प्रक्षेपण ✓
(D) पश्चगमन (प्रतिगमन)

Q.87

निम्नलिखित में से किसने राजनीतिक संस्कृति को 'गुणों तथा अभिवृत्तियों का समूह' कहा है?

(A) लुसियन पाई
(B) आमण्ड और पॉवेल
(C) सिडनी वर्बा
(D) एलेन आर. बॉल ✓

Q.88

किस पुस्तक में कहा गया है कि, "मेरी आत्मा का निवास स्थान राज्य में है"?

(A) द स्टेट
(B) न्यू स्टेट ✓
(C) प्रिंसिपल्स ऑफ सोशल एण्ड पॉलिटिकल थ्योरी
(D) लॉज़

Q.89

राजनीतिक विरोध के विभिन्न प्रतिमानों की व्याख्या करने वाले कारक के रूप में राजनीतिक संस्कृति को चुनने वाले विचारक हैं -

(A) लुसियन पाई
(B) जी. आमण्ड
(C) एडमण्ड बर्क
(D) रॉबर्ट ए. डाहल ✓

Q.90

भारत में मतदान व्यवहार के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए -

I मतदाताओं का व्यवहार सामाजिक - आर्थिक कारकों से प्रभावित होता है।
II मतदाताओं का व्यवहार धर्म व जाति से बहुत अधिक प्रभावित होता है।
III वर्तमान में चुनाव में मतदाता पूर्णतः आदेशित रूप से ही भाग लेता है।

कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर चुनिए -
कूट -

(A) केवल I सही है
(B) केवल II सही है
(C) केवल I और II सही हैं ✓
(D) केवल II और III सही हैं

Q.91

लोकतांत्रिक प्रक्रिया के एक प्रतिमान के रूप में "पॉलिआर्की" (बहुतंत्र) का प्रतिपादन किया है -

(A) जॉन डीवी ने
(B) सैमुअल हंटिंगटन ने
(C) रॉबर्ट डाहल ने ✓
(D) कार्ल मैनहेम ने

Q.92

"राजनीतिक संस्कृति राजनीतिक प्रणाली के सदस्यों में राजनीति के प्रति व्यक्तिगत अभिवृत्तियों और अभिमुखीकरण प्रतिमान हैं।" यह किसने कहा?

(A) टैल्कोट पार्सन्स
(B) हरमन फाइनर
(C) आमण्ड एंड पॉवेल ✓
(D) एरिक रोवे

Q.93

निम्नलिखित में से कौनसी एक पुस्तक राम मनोहर लोहिया द्वारा रचित नहीं हैं?

(A) रानाडे, गांधी एण्ड जिन्ना ✓
(B) अर्थशास्त्र : मार्क्स के आगे
(C) गिल्टीमैन ऑफ इंडियाज़ पार्टीशन
(D) हिन्दू बनाम हिन्दू

Q.94

निम्नलिखित में से कौनसी आमण्ड के अनुसार, राजनीतिक विकास की विशेषता नहीं है?

(A) भूमिका विभिन्नीकरण
(B) उप - व्यवस्था की स्वायत्तता
(C) लौकीकीकरण
(D) उप - व्यवस्था एकीकरण ✓

Q.95

निम्नलिखित में से किस विचारक के अनुसार, आधुनिक राज्यों को एक निश्चित भू - क्षेत्र में बल प्रयोग करने का वैध एकाधिकार होता है?

(A) लियोन ट्रॉट्स्की
(B) जे. गार्नर
(C) मैक्स वेबर ✓
(D) एच. लास्की

Q.96

निम्नलिखित में से किसे "राष्ट्रपति चुनाव 2022" के लिए रिटर्निंग ऑफिसर के रूप में नियुक्त किया गया था?

(A) राज्य सभा के महासचिव ✓
(B) भारत के उपराष्ट्रपति
(C) लोकसभा के महासचिव
(D) भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त

Q.97

'नाम' के किस सम्मेलन में एक नई अंतर्राष्ट्रीय सूचना तथा संचार व्यवस्था के निर्माण की बात कही गई थी?

(A) हरारे शिखर सम्मेलन, 1986
(B) बैलग्रेड शिखर सम्मेलन, 1989
(C) हवाना शिखर सम्मेलन, 1979 ✓
(D) डरबन शिखर सम्मेलन, 1998

Q.98

निम्नलिखित में से किसे 'कानून के विशुद्ध सिद्धांत' का व्याख्याकार माना गया है?

(A) हैन्स केल्सन ✓
(B) डेविड हेल्ड
(C) इमानुएल वालस्टीन
(D) ए. गिडेंस

Q.99

निम्नलिखित में से कौनसी शास्त्रीय अनुबंधन की विशेषता है?

(A) जब अ - अनुबंधित उद्दीपक को प्रतिबिंबित रूप में मजबूती से दिया जाए, तो वह अनुबंधित अनुक्रिया करने लगता है। ✓

(B) यह अमेरिकन मनोवैज्ञानिक स्किनर द्वारा तैयार किया गया है।

(C) पुरस्कार अनुक्रिया पर निर्भर करता है।

(D) प्राणी के अनुक्रिया देने के उपरान्त पुनर्बलन दिया जाता है।

Q.100

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 167 के अनुसार, निम्नलिखित में से सही कथन है -

(A) राज्यपाल को जानकारी देना मुख्यमंत्री की शक्ति है।

(B) राज्यपाल को जानकारी देना मुख्यमंत्री का कर्तव्य है। ✓

(C) राज्यपाल को जानकारी देना मुख्यमंत्री का उत्तरदायित्व है।

(D) राज्यपाल को जानकारी देना मुख्यमंत्री की शक्ति एवं कर्तव्य दोनों हैं।

Q.101

गुटनिरपेक्ष आंदोलन (NAM) के संबंध में निम्नांकित कथनों पर विचार कीजिए -

I NAM के वर्तमान में 120 सदस्य देश हैं।
II अब तक 18 NAM के शिखर सम्मेलन हो चुके हैं।
III NAM का अंतिम शिखर सम्मेलन, बाकू, अज़रबैजान में 2020 में आयोजित हुआ।

सही विकल्प चुनिए -

(A) I, II और III सही हैं

(B) केवल I और II सही हैं ✓

(C) केवल I और III सही हैं

(D) केवल II और III सही हैं

Q.102

निम्नलिखित में से कौन संविधान सभा की प्रारूप समिति का सदस्य नहीं था?

(A) एन. गोपालस्वामी

(B) अल्लादि कृष्णस्वामी अय्यर

(C) डॉ. के. एम. मुंशी

(D) के. संथानम ✓

Q.103

निम्नलिखित में से कौनसा कथन शिक्षा मनोविज्ञान- के सन्दर्भ में सर्वाधिक उपयुक्त है?

(A) यह मनोरोगों का अध्ययन है।

(B) यह शिक्षण, अधिगम एवं अधिगमकर्त्ता का अध्ययन है। ✓

(C) यह बुद्धि परीक्षणों का अध्ययन है।

(D) यह संज्ञानात्मक प्रक्रियाओं का अध्ययन है।

Q.104

आपात के दौरान अनुच्छेद 19 के उपबंधों का निलंबन भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में वर्णित है?

(A) अनुच्छेद 358 ✓
(B) अनुच्छेद 359
(C) अनुच्छेद 352
(D) अनुच्छेद 357

Q.105

कौटिल्य के अर्थशास्त्र के किस अधिकरण में राज्य के सात अंगों का विवेचन किया गया है?

(A) योग वृत्त
(B) षाड्गुण्य
(C) कंटक शोधन
(D) मंडल्योनि ✓

Q.106

निम्नलिखित में से कौनसा एक राजनीति सिद्धान्त का प्राचीनतम उपागम माना जाता है?

(A) दार्शनिक उपागम ✓
(B) कानूनी उपागम
(C) ऐतिहासिक उपागम
(D) सांस्थानिक उपागम

Q.107

राजस्थान में ई - पंचायत के उद्देश्य हैं -
I पंचायती राज विभाग की उत्पादकता में वृद्धि
II ग्रामीण विकास और पंचायती राज विभाग की आन्तरिक प्रक्रिया का सुव्यवस्थीकरण
III ग्रामीण समस्याओं का मात्र तीव्र एकत्रीकरण
सही विकल्प हैं -

(A) I, II, III
(B) I, III
(C) I, II ✓
(D) II, III

Q.108

अग्रिम संगठक मॉडल के सिन्टैक्स की कौनसी अवस्था में अधिगमकर्ता के प्रासंगिक ज्ञान और अनुभवों की तत्काल जानकारी वांछनीय है?

(A) अधिगम कार्य का प्रस्तुतिकरण
(B) अधिगम विषयवस्तु का प्रस्तुतिकरण
(C) अग्रिम संगठक का प्रस्तुतिकरण ✓
(D) संज्ञानात्मक संगठन का सुदृढ़ीकरण

Q.109

"बदलती हुई परिस्थितियों के कारण राष्ट्र - राज्य चाहें वे एकात्मक रहें हों या संघात्मक, पुलिस राज्य से लोक कल्याणकारी राज्य बन गये हैं और देश की आर्थिक खुशहाली का अन्तिम उत्तरदायित्व केन्द्र सरकार का हो गया है।" यह कथन है -

(A) भीमराव अम्बेडकर का
(B) जवाहर लाल नेहरू का ✓
(C) टी. टी. कृष्णामाचारी का
(D) राजेन्द्र प्रसाद का

Q.110

विकास की किशोरावस्था में सिर के सम्बन्ध में शरीर अनुपात का शारीरिक परिवर्तन होता है -

(A) सिर शरीर का एक तिहाई हो जाता है
(B) सिर शरीर का छठा भाग हो जाता है
(C) सिर शरीर का आठवां भाग हो जाता है ✓
(D) सिर शरीर का दसवां भाग हो जाता है।

Q.111

शारीरिक भाषा उदाहरण है -

(A) शाब्दिक संप्रेषण का
(B) अशाब्दिक संप्रेषण का ✓
(C) संप्रेषण में बाधा का
(D) संप्रेषण के माध्यम का

Q.112

जॉन लॉक के अनुसार, प्राकृतिक अवस्था को शासित किया जाता है -

(A) मूल प्रवृत्ति के द्वारा
(B) पारस्परिक सहयोग के द्वारा
(C) धर्म के द्वारा
(D) प्राकृतिक विधि के द्वारा ✓

Q.113

निम्नलिखित में से कौन कनाडा के राज्य का नाममात्र का प्रमुख है?

(A) चांसलर
(B) राष्ट्रपति
(C) गवर्नर जनरल
(D) ब्रिटिश राजा ✓

Q.114

निम्नलिखित में से यह किसका कथन है, कि "संपूर्ण पुनर्जागरण मैकियावेली में ही है"?

(A) जी. एच. सबाइन
(B) एच. लास्की
(C) ई. बार्कर
(D) डब्ल्यू. ए. डनिंग ✓

Q.115

निम्नांकित में से कौनसा युग्म सुमेलित नहीं है?

(A) अवसर की उचित समानता – जॉन रॉल्स
(B) जटिल समानता – जोशुआ कोहेन
(C) सामर्थ्य की समानता – अमर्त्य सेन
(D) संसाधनों की समानता – ड्वर्किन

Q.116

जे. एस. मिल ने अपने अध्ययन में निम्नलिखित में से किन पद्धतियों का प्रयोग किया है?

(A) ऐतिहासिक और ज्यामितीय ✓

(B) भौतिक और ऐतिहासिक

(C) आध्यात्मिक और ऐतिहासिक

(D) भौतिक और ज्यामितीय

Q.117

निम्नलिखित में कौन सा एक युग्म सही सुमेलित नहीं है?

(A) एस्पेक्ट्स ऑफ पॉलिटिकल डेवलपमेंट : लुसियन पाई

(B) द स्टेजेस ऑफ पॉलिटिकल डेवलपमेंट : ए. एफ. के. ऑगेन्स्की

(C) कॉम्परेटिव पॉलिटिक्स : ए डेवलपमेंट अप्रोच : सिडनी वर्बा ✓

(D) द चैलेंज ऑफ वर्ल्ड पॉवर्टी : गुन्नार मिर्डल

Q.118

निम्नलिखित में से किस सिद्धांतकार ने अंतरराष्ट्रीय संबंधों में नवयथार्थवाद और नवउदारवाद दोनों की आलोचना करने हेतु रचनावादी विश्लेषण का प्रयोग किया?

(A) रिचर्ड के. एशले

(B) एलेक्जेंडर वेंड्ट ✓

(C) जे. बी. पीटरसन

(D) जॉन रुन्यान

Q.119

"बर्लिन की दीवार के गिरने से राष्ट्र राज्य के संवैधानिक स्वरूप को परिभाषित करने के लिए उदार, फासीवाद और साम्यवाद के बीच चल रहे लंबे युद्ध के अंत को चिन्हित किया।" यह कथन किसका है?

(A) फ्रांसिस फुकुयामा ✓

(B) एरिकुर बर्गमैन

(C) मार्टिन लिपसेट

(D) फिलिप बोबिट

Q.120

सूची - I का सूची - II से मेल कीजिए और दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए -

सूची - I (राजनीतिक दल का नाम)	**सूची - II (स्थापना वर्ष)**
(a) भारतीय साम्यवादी दल (मार्क्सवादी)	(i) 1992
(b) जनता दल	(ii) 1972
(c) अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम	(iii) 1988
(d) समाजवादी दल	(iv) 1964

(A) a - (iv), b - (iii), c - (ii), d - (i) ✓

(B) a - (ii), b - (iii), c - (iv), d - (i)

(C) a - (iv), b - (ii), c - (iii), d - (i)

(D) a - (iii), b - (i), c - (ii), d - (iv)

Q.121

सूची - I का सूची - II से मेल कीजिए और दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए -

सूची - I (पुस्तक का नाम)	**सूची - II (लेखक का नाम)**
(a) द प्रोसेस ऑफ गवर्नमेंट	(i) रॉबर्ट डाहल
(b) द गवर्नमेंटल प्रोसेस	(ii) जे. डी. बी. मिलर
(c) हू गवर्नस?	(iii) ट्रूमैन
(d) द नेचर ऑफ पॉलिटिक्स	(iv) आर्थर बेंटले

(A) a - (iii), b - (i), c - (ii), d - (iv)
(B) a - (iii), b - (iv), c - (i), d - (ii)
(C) a - (i), b - (iii), c - (iv), d - (ii)
(D) a - (iv), b - (iii), c - (i), d - (ii) ✓

Q.122

सूची - I का सूची - II से मेल कीजिए और दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए -

सूची - I	**सूची - II**
(a) वैज्ञानिक मूल्य सापेक्षवाद	(i) अरस्तू
(b) राजनीति विज्ञान एक शिखरस्थ विज्ञान है	(ii) बिस्मार्क
(c) राजनीति सम्भाव्य की कला है	(iii) चार्ल्स बी. हैगन
(d) राजनीति - विज्ञानी बहु - भाषाविदों की फौज है	(iv) अर्नाल्ड ब्रेख्त

(A) a - (i), b - (ii), c - (iv), d - (iii)
(B) a - (ii), b - (i), c - (iv), d - (iii)
(C) a - (iv), b - (i), c - (ii), d - (iii) ✓
(D) a - (iii), b - (i), c - (ii), d - (iv)

Q.123

राजस्थान में 73वें एवं 74वें संविधान संशोधन अधिनियम के लागू होते समय राज्य के मुख्यमंत्री कौन थे?

(A) हरिदेव जोशी
(B) शिवचरण माथुर
(C) भैरोंसिंह शेखावत
(D) राष्ट्रपति शासन ✓

Q.124

कथन (A) : राष्ट्रीय एकता एक मनोवैज्ञानिक और शैक्षिक प्रक्रिया है, जिसके द्वारा सभी लोगों के दिलों में एकता की भावना, समान नागरिकता का अनुभव और राष्ट्र के प्रति प्रेम की भावना को विकसित किया जाता है।
कारण (R) : राष्ट्रीय एकता स्थापित करने तथा राष्ट्रीयता की भावना के प्रसार हेतु राष्ट्रीय एकता परिषद की स्थापना की गई।

(A) दोनों (A) एवं (R) सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है
(B) दोनों (A) एवं (R) सही हैं, परंतु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ✓
(C) (A) सही है और (R) गलत है
(D) (A) गलत है और (R) सही है

Q.125

क्रिस्टोफर पियर्सन ने तथ्यात्मक आधार पर आधुनिक राज्य की आठ विशेषताएं बताईं, निम्नांकित में से किस विशेषता की चर्चा उसने नहीं की?

(A) सम्प्रभुता
(B) नागरिकता
(C) बल प्रयोग के साधनों पर नियंत्रण
(D) मूल अधिकार ✓

Q.126

'द नाडर्स ऑफ तमिलनाडु : द पॉलिटिकल कल्चर ऑफ ए कम्युनिटी इन चेंज' पुस्तक किसने लिखी है?

(A) रॉबर्ट एल. हार्डग्रेव ✓
(B) क्रिस्टाफर जॉन बेकर
(C) एम. एस. एम. पांडियन
(D) ए. आर. वेंकटचलपति

Q.127

पियाजे के संज्ञानात्मक विकास सिद्धान्त के अनुसार, अधिगमकर्ता की मानसिक क्रियाएं उच्च डिग्री के सन्तुलनीकरण पर पहुँच जाती है। यह अवस्था है -

(A) औपचारिक क्रियात्मक ✓
(B) पूर्व क्रियात्मक
(C) मूर्त क्रियात्मक
(D) संवेदीगामक

Q.128

निम्नलिखित में से कौन जे. एस. मिल द्वारा बताई गयी उपयोगिता की मान्यताओं में सम्मिलित नहीं है?

(A) शारीरिक
(B) नैतिक
(C) सार्वजनिक
(D) आर्थिक ✓

Q.129

भारत के क्षेत्रीय आन्दोलनों में 'प्रथम और सबसे ताकतवर आन्दोलन' के रूप में पहचाना जाता है -

(A) ग्रेटर नागालैण्ड आन्दोलन
(B) नर्मदा बचाओ आन्दोलन
(C) द्रविड़ आन्दोलन ✓
(D) बोडो आन्दोलन

Q.130

वाइगोत्सकी के निर्मितिवादी दृष्टिकोण के अनुसार, अधिगम के लिए सहायता के स्तर में परिवर्तन को सम्मिलित करने की तकनीक कहलाती है -

(A) विचार प्रक्रिया
(B) विचार प्रतिवर्तन
(C) समीपस्थ विकास का क्षेत्र
(D) स्केफोल्डिंग ✓

Q.131

निम्नांकित कथनों पर विचार कीजिए और नीचे दिए सही कूट को चुनिए -
(I) क्रिश्चियन बे ने व्यवहारवादी राजनीति विज्ञान को एक अरुचिकर एवं नीरस राजनीति विज्ञान बताया।
(II) मूल्य निरपेक्षता का अर्थ आत्मपरक दृष्टिकोण से किसी राजनीतिक विषय का परीक्षण नहीं करना है।

(A) केवल (I) सत्य है
(B) केवल (II) सत्य है
(C) (I) एवं (II) दोनों सत्य हैं ✓
(D) (I) एवं (II) दोनों असत्य हैं

Q.132

"लोकतंत्र की परिभाषा के अनुसार इसका विशुद्ध विचार यह है कि सब लोगों का लोगों द्वारा समान रूप से प्रतिनिधित्व शासन है"?

(A) लास्की का
(B) अब्राहम लिंकन का
(C) जे. एस. मिल का ✓
(D) गार्नर का

Q.133

कथन (A) : भारत के राज्य - क्षेत्र की संकल्पना भारतीय संघ से अधिक विस्तृत है।
कारण (R) : भारत के राज्य - क्षेत्र में, राज्यों के राज्य-क्षेत्र, संघ राज्य - क्षेत्र तथा ऐसे राज्य - क्षेत्र जो अर्जित किए जाएं, का उल्लेख संविधान के अनुच्छेद 1(2) में किया गया है।
सही विकल्प को चुनिए -

(A) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है ✓
(B) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं किन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है
(C) कथन (A) गलत है किन्तु कारण (R) सही है
(D) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं

Q.134

"आत्मसम्मान आंदोलन" किसके द्वारा और कब प्रारंभ किया गया था?

(A) ज्योतिबा फुले - 1872
(B) ई. वी. रामास्वामी नायकर - 1925 ✓
(C) बी. आर. अंबेडकर - 1930
(D) पंडिता रमाबाई - 1915

Q.135

जवाहरलाल नेहरू के अनुसार, 'धर्म' है -

(A) मनुष्य की दिव्य चेतना
(B) बौद्धिक व्याख्या
(C) व्यक्ति के आंतरिक जीवन से संबंधित गुण ✓
(D) अवैज्ञानिक दृष्टिकोण

Q.136

निम्नांकित में से कौन सा/से कथन 'महाशक्ति' के बारे में सही है/हैं?
(I) विलियम फॉक्स द्वारा पहली बार 1943 में 'सुपरपावर' शब्द का इस्तेमाल किया गया था।
(II) उनके अनुसार, संयुक्त राज्य अमेरिका, सोवियत संघ और ब्रिटेन 'महाशक्तियाँ' थे।
सही विकल्प का चयन कीजिए -

(A) केवल (I) सही है और (II) गलत है
(B) केवल (II) सही है और (I) गलत है
(C) दोनों कथन सही हैं ✓
(D) दोनों कथन गलत हैं

Q.137

सहयोगी अधिगम उपागम जिसमें समूह के सदस्य 'भागों में विभाजित विषयवस्तु पर कार्य करते हैं। समूह का प्रत्येक सदस्य एक भाग के लिए उत्तरदायी है। विभिन्न समूह के सदस्य जिन्होंने उस भाग को पढ़ा है, मिलकर उसका संयोजन, परिचर्चा करते हैं और फिर अपने समूह में लौटकर अपने समूह के अन्य सदस्यों को अपने भाग का शिक्षण करवाते हैं। यह उपागम कहलाता है -

(A) मिलकर सीखना
(B) समूह अन्वेषण
(C) जिग्सॉ (आरा) कक्षा ✓
(D) सहयोगी लेखन

Q.138

मैकियावली के चिंतन के संबंध में निम्नलिखित में से कौनसा कथन त्रुटिपूर्ण है?

(A) उसने राज्यशिल्प सिद्धान्त प्रतिपादित किया।
(B) भ्रष्ट लोगों को शासन के सूत्र में बांधने के लिए प्रबुद्ध नृशंसतंत्र आवश्यक है।
(C) सिद्धान्ततः गणतंत्रीय शासन प्रणाली सर्वोत्तम नहीं है। ✓
(D) वह कोंडोटिएरी व्यवस्था का घोर आलोचक था।

Q.139

निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए तथा नीचे दिए सही कूट का चयन कीजिए -
I चार्ल्स एडवर्ड मेरियम परम्परागत राजनीति विज्ञान को शुष्क, औपचारिक, पाशविक, बंजर, प्रेतवत और स्थैतिक मानता था।
II बेंटले ने समूह - प्रक्रियाओं की छानबीन की परम्परा डाली।
कूट -

(A) केवल (I) सत्य है
(B) केवल (II) सत्य है
(C) (I) एवं (II) दोनों सत्य हैं ✓
(D) (I) एवं (II) दोनों असत्य हैं

Q.140

निम्न कथनों को सावधानीपूर्वक पढ़िए -
I. अनुच्छेद 329 निर्वाचकीय मामलों में न्यायालयों के हस्तक्षेप के वर्जन से संबंधित है।
II. 44 वें संविधान संशोधन द्वारा अनुच्छेद 329 क को निरस्त कर दिया गया।
निम्न में से सही विकल्प का चयन कीजिए -

(A) केवल कथन I सही है
(B) केवल कथन II सही है
(C) दोनों कथन I एवं II सही हैं ✓
(D) दोनों कथन I एवं II सही नहीं हैं

Q.141

संयुक्त राज्य अमेरिका में संघीय न्यायपालिका (उच्चतम न्यायालय) में न्यायाधीशों की नियुक्ति प्रक्रिया है -

(A) राष्ट्रपति द्वारा मनोनीत एवं प्रतिनिधि सभा द्वारा पुष्टि
(B) कॉलेजियम व्यवस्था के माध्यम से सीनेट द्वारा
(C) राष्ट्रपति द्वारा मनोनीत सीनेट द्वारा पुष्टि ✓
(D) सीनेट द्वारा प्रस्तावित एवं पुष्टि

Q.142

अरस्तू के सन्दर्भ में निम्नलिखित शब्दावली या सिद्धान्त पर विचार कीजिए -
I फॉर्म ऑफ द ट्रायंगल
II सौम्य लोकतन्त्र
III डॉक्ट्रिन ऑफ फॉर्म्स
IV स्वर्णिम मध्यमान का सिद्धान्त
कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर चुनिए -

(A) केवल II, III और IV सही हैं
(B) केवल I, II और IV सही हैं
(C) केवल II और IV सही हैं ✓
(D) केवल II और III सही हैं

Q.143

ब्रिटिश कॉमन सभा के प्रथम स्पीकर कौन थे?

(A) रॉबर्ट वालपोल
(B) थॉमस हंगरफोर्ड ✓
(C) डाइसी
(D) रॉबर्ट नॉजिक

Q.144

निम्न वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़िए -
I मंत्रिपरिषद संसद के प्रति सामूहिक रूप से उत्तरदायी है।
II मंत्रिपरिषद संसद की एक कार्यकारी समिति है और वह संसद के प्रतिनिधि के रूप में सामूहिक रूप से शासन करती है।
सही विकल्प पहचानिए -

(A) I सही व II गलत है
(B) I गलत व II सही है
(C) I व II दोनों सही हैं ✓
(D) I व II दोनों गलत हैं

Q.145

1967 में आसियान के गठन के समय निम्नलिखित में से कौनसा देश इसका सदस्य नहीं था?

(A) इण्डोनेशिया
(B) लाओस ✓
(C) सिंगापुर
(D) फिलीपींस

Q.146

अमेरिका में उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों की संख्या का निर्धारण कौन करता है?

(A) राष्ट्रपति
(B) सीनेट
(C) संविधान
(D) कांग्रेस ✓

Q.147

निम्नांकित देशों का कौनसा समूह सीमित अध्यक्षतावाद का श्रेष्ठ उदाहरण है?

(A) अमेरिका - कनाडा
(B) फ्रांस - फिनलैण्ड ✓
(C) ब्रिटेन - ब्राजील
(D) अमेरिका - स्विट्जरलैण्ड

Q.148

'कम्प्यूटर सहायक अनुदेशन' की खोज किस वर्ष हुई थी?

(A) 1920
(B) 1925 ✓
(C) 1950
(D) 1954

Q.149

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 103 के अनुसार, संसद सदस्यों की निरर्हताओं से संबंधित प्रश्नों पर विनिश्चय कौन करता है?

(A) निर्वाचन आयोग
(B) सर्वोच्च न्यायालय
(C) लोकसभा अध्यक्ष
(D) राष्ट्रपति ✓

Q.150

निम्नांकित कथनों पर विचार कीजिए तथा नीचे दिए सही कूट का चयन कीजिए –
(I) राजनीति विज्ञान में अनुभववाद को परम्परावाद की अंतिम कड़ी माना जाता है।
(II) आधुनिक युग में जॉन लॉक को अनुभववाद का जनक माना जाता है।

कूट -

(A) केवल (I) सत्य है
(B) केवल (II) सत्य है
(C) (I) एवं (II) दोनों सत्य हैं ✓
(D) (I) एवं (II) दोनों असत्य हैं



Testline app में यह पूरा पेपर solution के साथ हल करें

testline.in